ैटिविटी

राजकुमारी का सपना है टीचर बनना

सिटी रिपोर्टर• 94.3 माय एफएम द्वारा 'एक दीया राजकुमारी के नाम' की शुरुआत किए अभी कुछ ही दिन हुए हैं। और राजकुमारी की मदद के लिए बहुत से लोग आगे आ रहे हैं। राजकुमारी एक ऐसी लड़की है जो शारीरिक विकार से ग्रसित है। राजकुमारी का भी सपना है कि वो एक दिन टीचर बने। वो भी एक आम जिंदगी जी सके। राजकुमारी की परेशानियों को कम करने 94.3 माय एफएम, रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेस और लॉर्ड बुद्धा एजुकेशनल सोसाइटी की ओर से 'एक दीया राज कुमारी के नाम' से अभियान चलाया जा रहा है। अभियान से जुड़कर आप राजकुमारी की मदद कर सकते हैं। अभियान से जुड़कर शंकरा हुंडई के गौरव मध्यानी ने सहयोग किया। आप भी राजकुमारी के लिए कुछ करना चाहते हैं तो माय एफएम के ऑफिस आएं ओर आरजेस से दीपक खरीदकर जितना भी मन डोनेट करें। अधिक जानकारी के लिए सुनते रहें 94.3 माय एफएम जियो दिल से।